Title: Need to accord early sanction to Lakhunder River Project of Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : सभापति जी, मध्य प्रदेश के देवास स्थित देवास बैंक नोट प्रेस के लिए पानी की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु एक लखुन्दर नदी परियोजना बनाई गई है। उक्त परियोजना से देवास बैंक नोट प्रेस की पानी की समस्या का निदान हो जाएगा। उक्त योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति लगभग दो र्वा पूर्व हो चुकी है। अब इस योजना का डीटेल्ड ऐस्टीमेट बनाकर वित्त मंत्रालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। यह योजना फाइनेन्स ऐक्सपेन्डीच कमेटी द्वारा स्वीकृत होनी है किन्तु फाइनेन्स ऐक्सपेन्डीचर कमेटी की बैठक लंबे समय से नहीं हो सकी है। मैंने अनेक बार उक्त योजना की स्वीकृति की मांग की है। मैं सरकार से पुनः मांग करता हूं कि इस योजना को शीघ्रातिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।